संख्या-193/2021/1127 /23-9-2021-03एस0सी0पी0/2019

प्रेषक,

महेश कुमार,

विशेष सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बस्ती व लखीमपुर खीरी ।

**लोक निर्माण अनुभाग-9** **लखनऊ: दिनांक 08 दिसम्बर, 2021**

**विषयः अनुदान संख्या-83 एस0सी0पी0 के अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में धनराशि आवंटित किये जाने के संबंध में ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, बस्ती के पत्र संख्या-3213/ए-05, दिनांक 02.08.2021 एवं जिलाधिकारी, खीरी के पत्र संख्या-1466/आवंटन/एस0सी0पी0/2021-22, दिनांक 05.07.2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-83, एस0सी0पी0 योजनान्तर्गत संलग्न सूची के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा पूर्व में स्वीकृत जनपद बस्ती व खीरी के कुल 05 चालू कार्यो हेतु स्तम्भ-11 के अनुसार रू0 90,72,000/- (रूपये नब्बे लाख बहत्तर हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

2- उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजनाओं पर ही मानक/विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

3- प्रश्नगत मार्गों के गुणवत्तायुक्त निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर उन्हें निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा मार्गो का पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाय।

4- संलग्न सूची के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेश की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

क्रमशः....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

6- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत "लेखाशीर्षक 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, 04-जिला तथा अन्य सड़कें, 789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 28-कृषि विपणन सुविधाओं हेतु राजस्व ग्राम/बसावटों को पक्के सम्पर्क मार्गो से जोड़ने हेतु ग्रामीण सम्पर्क मार्गो का नवनिर्माण/पुनर्निर्माण, 00, 24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राविधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे हैं।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

( महेश कुमार )
विशेष सचिव

**संख्या उपरोक्त तद दिनाक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1- प्रधान महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- संबंधित मण्डलायुक्त।
3- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन ।
4- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ ।
5- संबंधित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
6- संबंधित मुख्य विकास अधिकारी/संबंधित संयुक्त विकास आयुक्त ।
7- संबंधित जिला विकास अधिकारी/संबंधित परियोजना निदेशक ।
8- संबंधित अपर मुख्य विकास अधिकारी, जिला परिषद ।
9- संबंधित कोषाधिकारी, उ0प्र0 ।
10- बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/8 ।
11- लोक निर्माण अनुभाग-10 / वित्त (लेखा) अनुभाग-2 ।
12- गार्ड फाईल / एन0आई0सी0 हेतु ।

आज्ञा से,

( राजेन्द्र प्रसाद )
उप सचिव

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

## शासनादेश संख्या-192/2021/1127/23-9-2021-03एस0सी0पी0/2019

## दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 का संलग्नक

**(धनराशि रू0 लाख में)**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | शासनादेश संख्या | स्वीकृत लम्बाई (कि0 मी0 में) | स्वीकृत लागत | बचत की धनराशि | बचत की धनराशि के उपरान्त कार्य की कुल लागत | अब तक आवंटन /व्यय | आवंटन हेतु देय अवशेष | वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बस्ती | गोभिया लेपित मार्ग से समौड़ा कला प्राइमरी पाठशाला तक सम्पर्क मार्ग | 129 /2019/ आ-0 /(1)114 -2019-9-23 02एस0सी0पी02019/, दि0 12.12.2019 | 0.700 | 39.31 | 0.01 | 39.30 | 19.52 | 19.78 | 19.78 |
| 2 | बस्ती | बसदेव कुंवर से डहिया पुरवा से डहिया पुरवा (खुशियरिया) तक पककी रोड तक | 129 /2019/ आ-0 /(1)114 -2019-9-23 02एस0सी0पी02019/, दि0 12.12.2019 | 1.200 | 72.23 | 0.20 | 72.03 | 35.87 | 36.16 | 36.16 |
| 3 | लखीमपुर खीरी | मूसादेई सम्पर्क मार्ग। | 106/2019/आ0-118(1)/23-9-2019-03एस0सी0पी0/2021 9,, दिनांक 13.11.2019 | 0.70 | 56.90 | 4.61 | 52.29 | 39.64 | 12.65 | 12.65 |
| 4 | लखीमपुर खीरी | दुर्गापुर सम्पर्क मार्ग। | 106/2019/आ0-118(1)/23-9-2019-03एस0सी0पी0/2021 9,, दिनांक 13.11.2019 | 0.85 | 52.48 | 3.26 | 49.22 | 36.56 | 12.66 | 12.66 |
| 5 | लखीमपुर खीरी | घोला सम्पर्क मार्ग। | 106/2019/आ0-118(1)/23-9-2019-03एस0सी0पी0/2021 9,, दिनांक 13.11.2019 | 0.50 | 31.37 | 0.05 | 31.32 | 21.85 | 9.47 | 9.47 |
| | | | **कुल योग-** | **3.95** | **252.29** | **8.13** | **244.16** | **153.44** | **90.72** | **90.72** |

**(अवमुक्त धनराशि रूपये नब्बे लाख बाहत्तर हजार मात्र)**

( राजेन्द्र प्रसाद )
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।